7 Ambikapur-BHOOMI-pg 1-0_Layout 1 1/7/2024 9:34 PM Page 1

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 8 जनवरी 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

**तापमान**

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

3 फाइनल मैच जीत सपकरा की टीम बनी विजेता



**खबर संक्षेप**

### पछुआ विक्षोभ पड़ा कमजोर 3 डिग्री गिरा रात का पारा

**अम्बिकापुर।** पिछले दो दिनों से सक्रिय पछुआ विक्षोभ शनिवार की बूंदाबांदी के बाद अब कमजोर पड़ गया है। विक्षोभ के कमजोर होते ही आसमान पर छाए अधिकांश बादल छंट गए हैं मौसम अधिकारी अब उत्तर की सर्द हवाएं चलने एवं रात के तापमान में गिरावट होने के साथ ही ठंड का पलटवार होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को आसमान पर छाए घने बादल छटने के साथ ही हवा की दिशा बदलने से फिर ठंड का पलटवार होने की संभावना बढ़ गई है। मौसम में आए बदलाव के कारण पिछले एक पखवाड़े से अधिक समय से पूर्व एवं पूर्वोत्तर की हवाएं चलने के कारण ठंड लगभग गायब हो गई थी तथा रात के तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव का क्रम चल रहा था। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के बाद दिन एवं रात के तापमान में काफी वृद्धि हुई थी तथा न्यूनतम तापमान बढ़कर 14.4 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री पर पहुंचा था। शनिवार को बूंदाबांदी होने के कारण अधिकतम तापमान गिरकर 21.4 डिग्री पर पहुंच गया। रविवार को बादलों के साफ होने से पूरे दिन धूप निकली जिससे दिन के तापमान में वृद्धि हुई है वहीं रात के तापमान में 3.4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को न्यूनतम तापमान 11.0 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। मौसम साफ होने के बाद अब रात के तापमान में गिरावट होने के साथ ही कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

## संभाग स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में होंगे शामिल

# सरकार गठन एक बाद पहली बार सीएम साय आज सरगुजा में, करेंगे कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन





हॉकी स्टेडियम में बना स्टेज एवं कार्यकर्ताओं के लिए सजा पण्डाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरकार गठन के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहली बार सरगुजा आ रहे है। विधानसभा चुनाव में सरगुजा संभाग से सभी 14 सीटों पर मिली ऐतिहासिक जीत के बाद सीएम सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करेंगे, उनके साथ इस कार्यक्रम में नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम को लोकसभा चुनाव के आगाज के रूप में भी देखा जा रहा है। संभाग स्तरीय भाजपा कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में संभाग भर से भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ ही मंत्री व विधायक भी शामिल होंगे। सीएम के आगमन को लेकर भाजपा द्वारा तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। सीएम शहर के पीजी कॉलेज मैदान स्थित हॉकी स्टेडियम परिसर में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। बता दें कि विधानसभा चुनाव में इस बार सरगुजा की जनता ने भाजपा पर भरोसा जताते हुए उन्हें सभी 14 सीटों पर जीत दिलाई। सरगुजा से मिली जीत का भाजपा की सत्ता में वापसी का अहम योगदान रहा और इसी का परिणाम है कि संगठन ने संभाग के जशपुर के कुनकुरी से विधायक बने विष्णुदेव साय को प्रदेश की कमान सौंपी। इसके साथ ही बलरामपुर जिले से कद्दावर आदिवासी नेता राम विचार नेताम, भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े व एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहार जायसवाल को मंत्री मंडल में शामिल किया है। सत्ता गठन के बाद प्रदेश के मुखिया श्री साय कार्यकर्ताओं की हौसला आफजाई के लिए पहली बार सरगुजा आ रहे है। सीएम श्री साय 8 जनवरी को शहर के पीजी कॉलेज मैदान स्थित हॉकी स्टेडियम परिसर में संभाग स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में शामिल होंगे। भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह संभागीय भाजपा कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में शामिल होंगे। सीएम के आगमन पर सोमवार को स्थानीय हॉकी स्टेडियम में सुबह 10.30 बजे संभाग स्तरीय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन है। इस कार्यक्रम में सीएम व प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, संभागीय संगठन प्रभारी संजय श्रीवास्तव, विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, श्रीमती गोमती साय, भैय्या लाल राजवाड़े, राजेश अग्रवाल, प्रबोध मिंज, रामकुमार टोप्पो, श्रीमती रायमुनी भगत, श्रीमती उद्धेश्वरी पैंकरा, श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते तथा भूलन सिंह मरावी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर जिला भाजपा ने विशेष तैयारियां की हैं। कार्यक्रम स्थल तथा शहर के चौक चौराहों को भाजपा के झंडे व फ्लेक्स बैनर से सजाया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से अतिथियों का जोरदार व एतिहासिक स्वागत करने का आह्वान किया है।

**खास बात**

- हॉकी स्टेडियम परिसर में होगा कार्यक्रम

**विशेष विमान से आएंगे सीएम साय**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का 8 जनवरी को सरगुजा पहुंच रहे है। मुख्यमंत्री प्रातः 11 बजे मां महामाया हवाई अड्डा पहुंचेंगे। 11.30 बजे पीजी कॉलेज परिसर स्थित हॉकी ग्राउंड में आयोजित संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान समारोह में शामिल होंगे। दोपहर 1.30 बजे से 2 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। दोपहर 2.30 बजे मुख्यमंत्री मां महामाया हवाई अड्डा, अंबिकापुर से बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# मधुमक्खियों के हमले में महिला समेत दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मधुमक्खियों के अलग अलग हमले की घटना में दो ग्रामीणों की मौत हो गई। ग्रामीणों को उपचार के लिए गंभीर हालत में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि लखनपुर अंतर्गत ग्राम बेलदगी धुईभवना निवासी 65 वर्षीय रामहित सिंह पैकरा आ. स्व. जगत राम पैकरा 5 जनवरी को मनखाडिहारी जंगल की ओर गया हुआ था। इस दौरान वृद्ध पर मधुमक्खियों के झुण्ड ने हमला कर दिया। मधुमक्खी के हमले में गंभीर रूप से घायल वृद्ध को उपचार के लिए लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया। मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान बीती रात मौत हो गई। इसके साथ ही दूसरी घटना घटना मणिपुर थाना अंतर्गत रामपुर की है। रामपुर निवासी 55 वर्षीया रामबाई पति श्याम लाल पनिका घर के समीप काम कर रही थी इस दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने वृद्धा पर हमला कर दिया। महिला द्वारा शोर मचाने पर परिजन व आस पास मौजूद लोगों ने कंबल डालकर उसे बचाया और रामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। मधुमक्खियों के हमले में दो की मौत के बाद मामले में अस्पताल चौकी पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

- अलग अलग स्थानों पर हुई घटनाएं, उपचार के दौरान तोडा दम

### बाइक भिड़ंत में घायल दो युवकों की उपचार के दौरान मौत, एक युवक की हालत गंभीर

बलरामपुर जिले के राजपुर क्षेत्र में हुई बाइक भिड़त की घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम सुखरी निवासी 28 वर्षीय विशाल पांडेय आ. रमाकांत पांडेय 6 जनवरी को खोड़रो की ओर से अकेले ही बाइक पर घर जा रहा था। इसी बीच लुंड्रा विकासखंड के नागम बांसपारा निवासी 30 वर्षीय संजय यादव आ. रामविचार यादव अपने साथी सीरु नगेशिया के साथ बाइक से सादू के घर से वापस अपने घर लौट रहा था। इस दौरान देर शाम खोड़रो मुख्य मार्ग पर दोनों बाइक सवारों के बीच भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पुलिस द्वारा बरियों स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जहां से घायलों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान देर रात विशाल पांडेय व संजय यादव को मौत हो गई। इस घटना में घायल युवक सिरु नगेशिया की हालत नाजुक बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।




7 Ambikapur-BHOOMI-pg 2-0_Layout 1 1/7/2024 9:38 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स के लंबित डीए की स्वीकृति देने की मांग

**अम्बिकापुर।** पेंशनर्स महासंघ के प्रदेश सचिव प्रदीप सोनी ने मुख्यमंत्री से लंबित मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49, (6) को विलोपित कर दोनो प्रदेशों के पेंशनरों को छुटकारा दिलाने एवं पेंशनर्स को 4 प्रतिशत डीए की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है।

### संकल्प यात्रा शिविर में दी गई योजनाओं की जानकारी

**लखनपुर।** सूदूर वनांचल ग्राम कुन्नी में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन पूर्व मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह, मंडल महामंत्री विक्रम सिंह, भईयालाल साहू, कृष्णा राठिया, रविशंकर, रामेश्वर यादव सुरेश बसोड, मुनदेव सिंह, शत्रुधन चौधरी, संजय साहू के आतिथ्य में किया गया। अतिथियों ने मोदी सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान छोटे बच्चों तथा ग्रामीण कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। शिविर में जपं सीईओ वेदप्रकाश पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### बाइक समेत सड़क किनारे गिरा ग्रामीण, मौत

**अम्बिकापुर।** घर लौट रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार तपकरा अंतर्गत ग्राम बंधा टोली निवासी हर्मन एक्का आ. फ्रांसिस एक्का (49 वर्ष) 26 दिसंबर को बाइक से घर आ रहा था। जैसे ही साजाबहरा स्कूल के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को घर लेकर आ गए। इसी बीच दर्द ज्यादा बढ़ जाने पर ओडिशा लेकर चले गए। जहां से उपचार कराने के पश्चात घर लेकर आ गए। 2 जनवरी को तबीयत खराब होने पर कुनकुरी अस्पताल में उपचार कराने के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### किराएदार ने धमकाया तो मकान मालिक ने लगा ली फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** दुकान मालिक ने अपने कमरे में फांसी लगा ली जिससे उसकी उपचार के दौरान शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि दुकान का किराया मांगने पर किराएदार ने न सिर्फ किराया देने से मना किया बल्कि मारपीट की धमकी दी जिससे डर से मकान मालिक ने आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार चर्च रोड केदारपुर निवासी जसमीत सिंह आ. गुरमुख सिंह (35 वर्ष) पिछले माह 29 दिसंबर की रात अपने कमरे के पंखा के सहारे फांसी लगा लिया। परिजन उसे गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई हैप्पी सिंह ने पुलिस को बताया कि जसमीत दुकान का किराया लेने गया तो किराए में दुकान लिए व्यक्ति ने उसे किराया देने के बजाए धमकाने लगा और दोगुना राशि देने की बात कहकर फांसी लगाने के लिए उकसाने लगा। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## गांव की सड़क देख टूट रहे युवक-युवतियों के रिश्ते

# ग्राम पंचायत नेहरू नगर को सालों बाद भी नसीब नहीं हुई डामरीकृत सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

मुख्य मार्ग से गांव तक की सड़क अच्छी हो तो न सिर्फ गांव का विकास होता है बल्कि रिश्तेदार भी आने जाने से नहीं कतराते परंतु मुख्य मार्ग से गांव तक की सड़क की हालत दयनीय हो तो रिश्तेदार भी आने जाने से बचते है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत नेहरू नगर, चंद्रनगर, नगरा भावरर्मल गांव की है। जहां गांव सड़क ऐसी है की अब गांव में युवक- युवती का रिश्ता भी टूटने लगा है। हैरानी की बात यह है आजादी के बाद से ही गांव की सड़क की हालत पूर्व की भांति है और सड़क पर मिट्टी डालकर काम चलाया जा रहा है।

**खास बात**

- ग्रामीणों को आवागमन करना हुआ दुर्भर, मिट्टी डाल करते है खानापूर्ति

एनएच 343 राष्ट्रीय राजमार्ग से मात्र 4 किलोमीटर की दूरी ग्राम पंचायत नेहरू नगर में आजादी के 75 साल बाद मूलभूत योजना के लिए तरस है। ग्रामीणों को कहना है कि जब चुनाव आता है तो मंत्री नेता प्रचार करने आते है और सड़क निर्माण कराने का आश्वासन देकर चले जाते है और आश्वासन आज तक पूरा नहीं हो सकी। नेहरू नगर, चन्द्रनागर, नगरा, भावर्मल के लोग इसी मार्ग किनारे निवास करते है। लेकिन आजादी के बाद से आज तक डामरीकरण नसीब नहीं हुआ। गांव के सरपंच-सचिव एक दो ट्रैक्टर मिट्टी डालकर मात्र खानापूर्ति ही करते है। जबकि बरसात के मौसम में कच्ची सड़क होने के कारण लोगों को आना जाना काफी दूभर हो जाता है। ऐसे में बारिश के दिनों में किसी की तबीयत खराब हुई तो उसे अस्पताल तक पहुंचाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मांग को लेकर शासन-प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया परंतु किसी ने संज्ञान में नहीं लिया। इतना ही नहीं जब चंद्रनगर में कोई लड़का या लड़की का रिश्ता करना चाहता है व रोड की समस्या देखकर रिश्ता बनने से पहले तोड़ देते है।



गांव का जर्जर सड़क।



एनएच 343 पर बने गड्ढे।

### दुर्घटना के बाद नहीं भरा गया गड्ढा

जिला मुख्यालय से करीब छह किलोमीटर दूरी पर औराझरिया मोड़ पर बने गड्ढे अब दुर्घटना की दावत दे रही है। तीन माह पूर्व ही एनएच 343 पर ट्रक साइड देने के दौरान अनियंत्रित होकर खाई में गिरी थी। इसके बावजूद सड़क किनारे गड्ढे को नहीं पाटा गया जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

#### गड्ढे लोगों के लिए बना खतरा

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 ग्राम तातापानी बाजार के समीप सड़क पर बड़े गड्ढे बन गए है जो हर समय हादसे का कारण बन रहे है। गड्ढों के कारण प्रतिदिन दुर्घटनाएं होती है बावजूद इसके अधिकारी गड्ढों को भरने को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसे में अब स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। गड्ढे इतने बड़े एवं गहरे हो गए हैं कि चार चक्का एवं बड़े वाहन को पार करने में चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### एक सप्ताह शेष है तातापानी महोत्सव

तातापानी महोत्सव की तैयारी जोर शोर से की जा रही है और महज एक सप्ताह ही शेष है। तातापानी महोत्सव मेला में दूसरे राज्यों से बड़े बड़े कलाकार प्रस्तुति देने आते है जबकि मेला को देखने जिले सहित अन्य जिलों से लोग पहुंचते है। ऐसे में जिस जगह पर ट्रक दुर्घटना हुई और गड्ढा को नहीं पाटने से वह लोगों ने लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

# शिक्षा के अधिकार का खुला उल्लंघन, पढ़ाई की जगह बच्चों से कराई जा रही थी साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत सभी बच्चों का पढ़ाई का अधिकारी है। ऐसे में शासकीय हो या निजी विद्यालय हो सभी स्कूलों बच्चों के पढाई पर ही विशेष ध्यान दिया जाता है और स्कूल में काम नहीं कराया जा सकता है। हैरानी की बात यह कि स्कूल में पढ़ाई करने आए बच्चों से काम कराया जाता है जो शिक्षा के अधिकार का खुला उल्लंघन है। नगर के एक निजी स्कूल में बच्चों से साफ सफाई के नाम पर झाड़ू लगवाया जा रहा था। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रधानपाठक ने बताया कि स्कूल अवधि के दौरान बच्चों से बागवानी की सफाई करा रहे थे। ऐसे में स्कूल प्रबंधन की मनमानी रवैया चरम पर है और शासन प्रशासन द्वारा बनाए गए नियम का कोई महत्व नहीं है।

सेंट जोसेफ कान्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल भैसाखार जहाँ स्कूल अवधि के दौरान स्कूली छात्राओं से साफ सफाई के नाम पर झाड़ू लगवाया जा रहा था। स्कूल की छात्राओ से सफाई के नाम पर परिसर के अंदर एवं बाहर झाड़ू लगाने को कहा गया जो नियम विरुद्ध है। संस्था द्वारा बेखौफ होकर बच्चों से काम कराया जा रहा था। इस बीच कई अभिभावकों की नजर भी पड़ी परंतु डर से इसका विरोध नही कर सके। स्कूल प्रबंधन की मनमानी पर नकेल कसने सरकार ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम लागू किया जिसे स्कूल में बच्चों से पढ़ाई के अलावा अन्य कोई कार्य नही कराया जाए जो अप्रासंगिक हो। इसके बावजूद भैसाखार स्थित निजी स्कूल में बच्चों से झाड़ू लगवाया गया। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि निजी स्कूल प्रबंधन को शासन प्रशासन का कोई भय नही है। इस संबंध में सेंट जोसेफ स्कूल के प्रधानपाठक अनिल एक्का ने बताया कि वे स्कूली बच्चों से बागवानी की साफ सफाई करा रहे थे। जबकि स्पष्ट नजर आ रहा था कि बच्चे झाड़ू लगा रहे है। जबकि वह स्कूल परिसर से बाहर सड़क के किनारे का हिस्सा था जहां भारी वाहनों का आवागमन होता रहता है। इस संबंध में डीईओ संजय गुहे ने बताया कि इस मामले में जांच के आदेश दिए गए है। जांच रिपोर्ट आते ही उचित कार्रवाई की जाएगी।



साफ-सफाई करती छात्राएं।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में मां की भूमिका अहम, प्रथम गुरु है मां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



शाला प्रवेश से पूर्व बच्चों का घरेलू स्तर पर मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता विकसित करने अंगना मा शिक्षा का संभाग स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ। लाइवलीहुड कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण में सरगुजा संभाग के सभी जिलों से शिक्षिकाएं शामिल हुई। शिक्षिकाओं ने जहां गतिविधियों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को जाना और उन्हें माताओं तक ले जाकर घर में उपलब्ध घरेलू सामग्री से उन गतिविधियों को बच्चों से कराने की कला सीखी। संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय ने शिक्षिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मां बच्चों की प्रथम गुरु होती है जो बच्चों का सर्वांगीण विकास कर सकती है। शाला में प्रवेश लेने से पूर्व बच्चा मां की गोद मे जीवन के क्रियाकलापों को सीखना आरंभ करता है जिससे बच्चों को सिखा कर मां उन्हें मानसिक एवं बौद्धिक स्तर पर दक्ष बनाने में मुख्य भूमिका निभा सकती है। डीएमसी रविशंकर तिवारी ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य नई शिक्षा नीति को बहुउद्देशीय बनाना है। नई शिक्षा नीति के तहत बुनियादी रूप से बच्चों को खेल खेल में आयु अनुसार शिक्षित करना। कार्यक्रम बच्चों को शालाओं में आने से पूर्व की तैयारी सहित कक्षा पहली एवं दूसरी के बच्चों को मनोरंजन के साथ खेल खेल में सीखने का अवसर प्रदान करती है। माताएं शिक्षक के रूप में मुख्य भूमिका निभाती है। अंगना म शिक्षा के तहत आयोजित प्रशिक्षण की एसआरजी अनीता तिवारी एवं प्रमिला कुशवाहा थे। उन्होंने कुशलता व उत्साह के साथ प्रशिक्षण संपन्न कराया। इस दौरान दीपमाला सिंह, गौरव शर्मा श्रवण पांडेय, श्यामलाल चंद्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।



### कलेक्टर से मिले अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रतिनिधि

**अम्बिकापुर।** कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने नवपदस्थ कलेक्टर श्री संदीपन से सौजन्य मुलाकात की एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से लगभग दो वर्ष से कर्मचारी संगठनों की परामर्शदात्री समिति की बैठक नहीं होने के कारण कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं होने की जानकारी दी तथा शीघ्र बैठक आयोजित करने की मांग की। कलेक्टर ने मामले में सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान कौशलेन्द्र पाण्डेय, कमलेश सोनी, डॉ.सीके मिश्रा, अनिल तिवारी, एलके सिंह, नवीन केशरी, नितेश पाण्डेय, बलधीर टोप्पो, आदि उपस्थित थे।

# झगराखांड रोड सहित अन्य मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ केदमा



भाजपा मंडल उदयपुर के शक्ति केंद्र केदमा भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक राजेश अग्रवाल को से मुलाकात कर विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने सरगुजा के अंतिम गांव मतरिंगा से कोरबा के गांव थमलडहहा तक की सड़क निर्माण की मांग की जिसकी दूरी 12 किमी है। प्रत्येक वर्ष लोग स्वयं निर्माण कर आना जाना करते है।

सड़क बन जाने से रायगढ़ तथा कोरबा की दूरी काफी कम हो जाएगी। बृजेश चतुर्वेदी ने बताया कि इसके अलावा मूसरडांड से मतरिंगा मुख्य मार्ग तक पुलिया सहित डेढ़ किमी सड़क निर्माण, केदमा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एंबुलेंस सुविधा, केदमा मिनी स्टेडियम, केदमा पुरानी बस्ती में क्रेडा द्वारा रोड लाइट, सितकालो से कोरवा बस्त खामखूंट तक 10 किमी तक सड़क निर्माण, ग्राम पनगोती,बडेगांव में स्ट्रीट लाइट तथा ग्राम पनगोती में नल जल योजना में की गई लापरवाही की जांच सहित अन्य मांग की। विधायक राजेश अग्रवाल ने सभी मांगों को प्रथम सूची में रखते हुए जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इस दौरान संतोष मझवार, राजेन्द्र पैकरा, संजय नाग, रतिया राम, चेतन राम सहित अन्य उपस्थित थे।

### छात्राओं को अपराधों के प्रति किया गया जागरूक

**लखनपुर।** शनिवार को शासकीय कन्या उमा शाला में पुलिस द्वारा जन जागरूकता अभियान के तहत स्कूली छात्राओं को साइबर क्राइम, यातायात, नशामुक्ति तथा महिला-बच्चों से संबन्धित अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक शुभम तिवारी, उनि एलआर चौहान, उनि रंभा साहू ने छात्राओं को नियम-कानूनों की विस्तार से जानकारी दी। श्री तिवारी ने छात्राओं को मार्गदर्शन भी दिया तथा पुलिस-जनता सहभागिता और बेहतर संबंध के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान स्कूल के शिक्षक व पुलिसकर्मी उपस्थित थे।



# रेहर खदान में सीबीआई की दूसरे दिन भी चली जांच

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के रेहर भूमिगत खदान में दो करोड़ रुपये के कोयला शार्टेज मामले में शनिवार को जांच के लिए पहुंची सीबीआई की टीम रविवार को दूसरे दिन भी क्षेत्र में रुक कर खदान के कोल स्टॉक समेत दस्तावेजों की जांच में जुटी हुई है, दूसरे दिन सीबीआई की टीम के द्वारा खदान के अधिकारियों से जरूरी पूछताछ की है।बताया जाता है कि मामला डेढ़ वर्ष पुराना होने के चलते जांच टीम रविवार को दूसरे दिन इसकी बारीकी से पड़ताल कर रही है।दो करोड़ के कोयला शार्टेज मामले में संदेह के दायरे में आए खदान के मैनेजर फिरोज अंसारी को भी पूछताछ के लिए सीबीआई द्वारा मुख्यालय तलब किए जाने की जानकारी है। इसके अतिरिक्त रिटायर सब एरिया मैनेजर,खदान के सर्वेयर,एसओ माइनिंग की भूमिका की भी सीबीआई जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार खदान के तत्कालीन मैनेजर की उक्त मामले में एहम भूमिका बताई जा रही है।अचानक कोल स्टॉक से 2700 टन कोल शार्टेज का मामला सामने आने के बाद जांच से बचने तत्कालीन मैनेजर ने खदान के कोल स्टॉक में बड़ी मात्रा में सेल मिलवाते हुए इसके भरपाई की कोशिश की गई थी, इसके अतिरिक्त रोजाना कोयला उत्पादन की अंडर रिपोर्टिंग मुख्यालय भेजे जाने का मामला भी तब प्रकाश में आया था।दो दिनों से सीबीआई के बिश्रामपुर में पहुंचकर जांच प्रक्रिया होने से क्षेत्रीय अधिकारी सकते में है । फिलहाल प्रबंधन का कोई भी अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहा है।

### विधि के विद्यार्थियों ने किया मूटकोर्ट का प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** पीजी कॉलेज के विधि विभाग के पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने आयुष यादव बनाम छग शासन के मूट समस्या पर मूट कोर्ट का प्रस्तुतीकरण किया। मूटकोर्ट में विद्यार्थियों ने भारतीय दण्ड संहिता, दण्ड प्रक्रिया संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम की विभिन्न धाराओं की जानकारी दी। इस दौरान विभाग के अध्यापक डा.ब्रजेश कुमार, डॉ.मिलेंदर सिंह, पंकज अहिरवार, तरूण राज, पूनम सोनवानी एवं मोहन कश्यप, पंचम, तृतीय एवं प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी दर्शक दीर्घा में उपस्थित थे।



## अनुयाइयों ने सुबह किया हरिनाम का संकीर्तन, दी भजनों की प्रस्तुति

# ठाकुर अनुकूल चंद्र के जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अनुयायियों ने रविवार को जनपद पारा स्थित मण्डलम सुशीलम में ठाकुर अनुकूल चन्द्र का 136 वां जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर शोभायात्रा निकालने के साथ ही भजन-कीर्तन, धर्म सभा एवं विभिन्न आयुवर्ग के अनुयाईयों का सम्मेलन आयोजित किया गया। महोत्सव में झारखण्ड, एमपी, यूपी व उड़ीसा के अनुयायी शामिल हुए।

ठाकुर अनुकूल चन्द्र आश्रम मुख्यालय देवघर से आए प्रतिनिधियों की उपस्थिति में रविवार तड़के 5 बजे उषा कीर्तन से महोत्सव की शुरूआत हुई। अनुयायियों ने सुबह 8 बजे तक भक्तिभाव से संकिर्तन किया एवं आकर्षक भजनों की समवेत स्वर में प्रस्तुति दी। सामूहिक प्रार्थना एवं धर्म ग्रंथों के पाठ उपरांत शोभायात्रा निकाली गई। शहर के विभिन्न मार्गों एवं चौक-चौराहों के भ्रमण उपरांत शोभा यात्रा का समापन किया गया। दोपहर में धर्म सभा हुई जिसमें वक्ताओं ने ठाकुर की जीवनी एवं उनके बताए मुक्ति के मार्ग एवं आध्यात्मिक जीवन सहित अन्य विषयों की जानकारी विस्तार से दी। इस दौरान मातृ एवं बाल सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में महिलाओं एवं बच्चों ने ठाकुर का स्मरण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सामूहिक प्रार्थना उपरांत देर शाम महोत्सव का समापन किया गया।



महोत्सव में आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में डा.सुनील, डॉ.मयंक शर्मा, डॉ.अम्बिका पटेल, डॉ.रणविजय सिंह, डॉ.जगन्नाथ ठाकुर, डॉ.संदीप कुजूर, फार्मासिस्ट अजय समद्दार, जितेन्द्र कुमार, मैनेजर साय की टीम ने 400 से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक दवाएं दी। महोत्सव में आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान महेन्द्र ठाकुर, भवानी शंकर प्रधान, कुलदीप मिश्रा, केके सिंह, धृति सुंदरलाल, ओंकार सिंह, हरिशंकर प्रसाद सिन्हा, अनूप सिन्हा, तरूण अम्बष्ट सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# राजमोहिनी देवी जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ करवां

पद्मश्री राजमोहिनी देवी जयंती के अवसर पर विकासखंड सूरजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत जुडवानी में संत समाज व ग्राम वासियों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गय। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य महेश्वर पैकरा उपस्थित थे।

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रथम आगमन पर संत समाज भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों द्वारा भव्य आतिशबाजी कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि आप सभी ने मुझे भटगांव विधानसभा में ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाकर कर मुझे विजयी बनाया है जिससे पूरे प्रदेश का सेवा करने का मुझे मौका मिला है। विशिष्ट अतिथि महेश्वर पैकरा ने कहा कि इस गौरव पूर्ण दिवस पर कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य मिला है। हम सभी को मिलकर पद्मश्री राजमोहिनी देवी के बताए हुए विचारधारा से समाज को सुधारने का संकल्पित होना चाहिए। इस दौरान मोहन शर्मा, छतरधारी सिंह,ओम प्रकाश राजवाड़े, भुनेश्वर सिंह, रामचरण सिंह, हेमंत वैष्णव, हरी सिंह, दुर्गा साहू, ठाकुर पैकरा, टिकेश राजवाड़े, मीर हसन, पप्पू साहू, महेश्वर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े का स्वागत करते कार्यकर्ता।

## सितंबर माह में की गई थी शुरुआत

# नींव रखने के बाद बंद पड़ा है महामाया प्रवेश द्वार के निर्माण का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- लापरवाही को लेकर उठ रहे सवाल

शहर के साथ ही जिले की आस्था के प्रतीक महामाया मंदिर के भव्य प्रवेश द्वार का मामला ठंडा पड़ गया है। धूमधाम से भूमिपूजन किए जाने के बाद द्वार निर्माण के लिए नींव तो रख दी गई लेकिन इसके बाद द्वार के निर्माण का कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। द्वार निर्माण के लिए ठेकेदार द्वारा कॉलम में छड़ डालकर छोड़ दिया गया है जिससे निर्माण कार्य महीने भर से रुका हुआ है। निर्माण में लेटलतीफी व अधिकारियों की उदासीनता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे है। बता दें कि महामाया मंदिर सरगुजा के लिए आस्था का केंद्र है और इस मंदिर के लिए एक भव्य प्रवेश निर्माण की मांग जनता द्वारा की जा रही थी। प्रवेश द्वार निर्माण को लम्बे समय तक राजनीति भी चली। इस बीच प्रदेश की पूर्व कांग्रेस सरकार ने निगम द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को मंजूर करते हुए 49.30 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद प्रवेश द्वार का ड्राइंग डिजाइन तैयार किया गया और इसे मंजूरी मिलने के बाद पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, मेयर डॉ. अजय तिर्की व कांग्रेस, भाजपा के प्रतनिधियों व आम नागरिकों की मौजूदगी में 27 सितंबर को महामाया मंदिर प्रवेश द्वार निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया था। भूमिपूजन के बाद उम्मीद जगी थी कि जन भावनाओं के अनुरूप मंदिर के प्रवेश निर्माण का कार्य तेजी से होगा लेकिन टेंडर जारी होने व भूमि पूजन के बाद ठेकेदार सिर्फ नींव खोदने के बाद सिर्फ छड़ डालकर छोड़ दिया है। बीच में आचार संहिता लगने के कारण अधिकारी व जनप्रतिनिधि व्यस्त हो गए लेकिन अब स्थिति सामान्य हो चुकी है लेकिन अभी भी महामाया मंदिर के प्रवेश द्वार का काम शुरू नहीं हो पाया है। निर्माण कार्य को लेकर ठेकेदार व अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे है जिससे आने वाले समय में निर्माण में लेटलतीफी होना तय है।


महामाया प्रवेश द्वार।

### अब तक नहीं आए राजस्थान के सैंड स्टोन

बता दें कि महामाया प्रवेश द्वार निर्माण में राजस्थान के सैंड स्टोन का भी उपयोग किया जाना है। प्रवेश द्वार का निर्माण कुल 53.29 लाख रुपए की लागत से नगर पालिक निगम द्वारा निर्मित किया जाएगा। भव्य प्रवेश द्वार की ऊंचाई 34 फीट रखी गई है व निर्माण के बाद प्रवेश द्वार से 23 फीट की ऊंचाई का ग्राउंड क्लियरेंस मिलेगा। वहीं इस द्वार की कुल चौड़ाई 60 फीट रखी गई है जिसमें दोनों तरफ दो दो कॉलम होंगे। इसके साथ ही द्वार से 40 फीट की चौड़ाई में रास्ता मिलेगा। प्रवेश द्वार में राजस्थान के पिंक सैंड स्टोन का उपयोग किया जाना है लेकिन अभी तक पिंक सैंड स्टोन की सिर्फ एक ही खेप आ पाई है जबकि इसके कारीगर भी अब तक सरगुजा नहीं पहुंच पाए है और अधिकारी निर्माण में देरी के पीछे की मुख्य वजह यही बता रहे है लेकिन इस तरह की देरी का असर प्रोजेक्ट पर पड़ता नजर आ रहा है।

### दिए गए है निर्देश

महामाया प्रवेश द्वार का निर्माण हमारी प्राथमिकता में है। निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. अजय तिर्की

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर



# एसडीएम ने अवैध रेत उत्खनन कर रहे वाहनों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- दो रेत लोड वाहनों को जयनगर थाने में कराया खड़ा

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद भी रेत का अवैध कारोबार में लगाम नहीं लगाई जा सकी है।रेत माफिया अब भी रेत के अवैध कारोबार में सक्रिय हैं।रेत के अवैध कारोबार चलने की सूचना पर शनिवार शाम नवपदस्थ एसडीएम सुरजपुर आई ए एस लक्ष्मण तिवारी ने नायब तहसीलदार मानी हिना टंडन के साथ राजापुर रेड नदी पहुँचे तो देखा कि दो मिनी ट्रक रेत लोड कर निकल रहे है, इनको रोकने के दौरान वाहनों के चालकों ने गाड़ी को लॉक कर मौके से भाग निकले।दोनों वाहन बिना नम्बर के थे।इसके अतिरिक्त दो अन्य ट्रेक्टर रेत लोड हालत में जयनगर पुलिस के अभिरक्षा में सौंपा गया है।

### दो माह पहले भी हुई थी कार्रवाई

बता दें कि दो माह पूर्व इसी रेत घाट में अठारह से बीस वाहन मध्य रात्रि में रेत परिवहन में लगे थे। तब कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मुखबिर की सूचना पर एसडीएम को भेजकर कार्यवाही कराई थी, इसमें दस से अधिक रेत लोड वाहनों को जप्त कर जयनगर थाने खड़ी कराया गया था। उक्त मामले में जप्ती कार्यवाही के दौरान थाने में खड़ी कराई गई आठ से दस वाहन अब तक छूट नहीं पाई हैं।

# 12वीं बटालियन के जवानों ने किया रक्तदान



**रामानुजगंज**। जिला अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिला और एक मासूम जो कि थैलेसीमिया बीमारी से पीड़ित है और दोनों को रक्त की आवश्यकता थी। इधर रक्तदाता सेवा समिति के माध्यम से जानकारी मिलने पर आनंद गुप्ता के नेतृत्व में बारहवीं बटालियन के प्रधान आरक्षक सत्येन्द्र सिंह तोमर व बारहवीं बटालियन के आरक्षक उमेश कुमार ने जिला अस्पताल में रक्तदान किया।




# एनएच 130 पर ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

रविवार की देर शाम एनएच 130 पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस द्वारा मामले में ट्रक को जब्त कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि ग्राम नवापारा निवासी 45 वर्षीय फेकू राम राजवाड़े अपने साथी विशेष राम राजवाड़े के साथ बाइक से भिट्ठीकला स्थित सुसराल से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान देर शाम 6.30 बजे एनएच 130 पर रजपुरी ग्राम में तेज रफ्तार ट्रक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर में फेकूराम राजवाड़े की मौके पर ही मौत हो गई जबकि विशेष राम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही शव को पीएम हेतु मर्च्युरी में रखवाया गया है। लखनपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी शुभम तिवारी के बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शव को मर्च्युरी में रखा गया है। इसके साथ ही ट्रक को जब्त कर घटना की जांच की जा रही है।









